# उत्तर पश्चिम रेलवे

## रेलवे भर्ती कक्ष,

भवन नं. 4, द्वितीय तल,
केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,
रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर– 302006
वेबसाईट rrcjaipur.in

**महत्पपूर्ण सूचना**

**केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना आरआरसी 01/2019 के दिव्यांग अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन**

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी 01/2019, के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित किये गये कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र पाए गए दिव्यांग LD अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन दिनांक 12.02.2023 से 01.03.2023, 03.10.2023 से 11.10.2023 तक किया गया था। दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जांच परीक्षा में सफल पाए गए दिव्यांग अभ्यार्थियों को मेरिट आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र में दी गई पद की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए एवं चिकित्सा श्रेणी अनुसार उपलब्ध रिक्तियॉ के विरूद्व पैनल पर रखने के उपरान्त अधिसूचित एवं रिप्लेसमेन्ट पैनल की शेष रही दिव्यांग(LD-OL/DW/LC/AAV) की रिक्तियों को भरने के लिए अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन दिनांक 04.06.2025 को किया जा रहा है। अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जॉच हेतु अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से सूचिबद्व किये गये दिव्यांग (LD-OL/DW/LC/AAV) अभ्यार्थियों के रोल नम्बर (बढ़ते हुए क्रम में) की सूची जारी किये जा रहे है।

| Roll No. | Roll No. | Roll No. | Roll No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|
| 124191130003536 | 124192120004756 | 124192170002753 | 124194120005730 | 124194170002316 |
| 124191130006180 | 124192120006977 | 124192260005460 | 124194120006421 | 124194170003521 |
| 124191150005824 | 124192130005327 | 124194120002223 | 124194130004205 | 124194190000185 |
| 124191260003172 | 124192130006340 | 124194120002970 | 124194130004405 | 124194270001591 |
| 124192120001492 | 124192130006556 | 124194120003324 | 124194150006825 | 124195250005625 |
| Total=25 | | | | |

दस्तावेज सत्यापन–सह– अभ्यर्थिता जांच दिंनाक 04.06.2025 को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में आयोजित किया जाना सुनिश्चित है, जिसके ई बुलावा पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक शीघ्र ही रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाएगा। दिनांक 04.06.2025 को पर्यापत वैध कारण से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यार्थियों को दिनांक 05.06.2025 को दस्तावेज सत्यापन के लिए अन्तिम अवसर प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकारिक वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। जो उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन–सह अभ्यर्थिता जांच में उपयुक्त पाए जाएंगे उन्हें निर्धारित चिकित्सा जांच/परीक्षण हेतु उसी दिन अथवा अगले दिन अजमेर/बीकानेर/जयपुर/जोधपुर भेजा जाएगा। अतः उम्मीदवार रूकने की व्यवस्था/तैयारी स्वंय क स्तर पर करके आएँ।

उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने मूल दस्तावेज एवं दो–दो स्व–सत्यापित प्रति सहित (शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, जन्मतिथि, समुदाय सम्बन्धित प्रमाण पत्र, पुराना एवं नवीनतम ओबीसी प्रमाण पत्र ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अन्य अपेक्षित दस्तावेज, कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट–शारीरिक दक्षता परीक्षा के बुलावा पत्र, आधार कार्ड, 06 फोटोग्राफ एवं ई बुलावा पत्र के महत्वपूर्ण निर्देश में दिये गये दस्तावेज आदि) बुलावा पत्र में दर्शाई गई तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होवें।

अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच हेतु प्रोविजनल तौर पर बुलाया गया है। अभ्यार्थी को अधिसूचना में दी गई पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करने पर, पद के अनुरूप निर्धारित चिकित्सा श्रेणी एवं मेरिट आधार पर रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार प्रोविजनली पैनल पर रखा जाएगा। दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जाचं में अभ्यर्थी को बुलाना उसे किसी भी तरह से रेलवे में नियुक्ति के लिए हक प्रदान नहीं करता है।

**Details of cut-off marks**

| | |
|---|---|
| **LD-OL/LC/DW/AAV** | 46.45768 |

**उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

**-S/d-**
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

दिंनाकः– 23.05.2025

सावधान : उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वो ऐसे असंवैधानिक तत्वों के चक्कर में ना पड़ें जो लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने का झूठा वादा करते है। भर्ती पूर्णतः योग्यता के आधार पर की जाती है तथा केवल योग्य एवं वास्तविक उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल किया जाता है।